।। श्री महेश्वराय नमः ।।

## सहकार से साकार होता **सेवा** संकल्प

# महेश्वरम

(पूर्व में **महेश अतिथि निवास**)

होटल रेडीसन ब्लू के पीछे, रिंग रोड, इन्दौर – 452 010




## लोकार्पण अतिशीघ्र

MJT

# महेश जनसेवा ट्रस्ट

## इन्दौर

समाज के वरिष्ठजनों की प्रेरणा से सन् 2014 में महेश जनसेवा ट्रस्ट, इन्दौर की स्थापना की गई। **'महेश्वरम'** (पूर्व में महेश अतिथि निवास) के लिए भूखण्ड की ख़रीदी के साथ ही संस्था ने इस पारमार्थिक संकल्प को ध्यान में रखा कि मिनी मुंबई कहलाए जाने वाला शहर इन्दौर चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी एक दमदार दस्तक दे सके। एक रजिस्टर्ड ट्रस्ट के रूप में अधिमान्य होने के पश्चात् **'महेश्वरम'** के लिए समस्त शासकीय एवं विभागीय औपचारिकताओं को 2019 तक पूर्ण कर लिया गया। **ट्रस्ट को आयकर अधिनियम की धारा 80-जी के अंतर्गत छूट प्राप्त है। इसके साथ ही महेश्वरम के उद्देश्य सी.एस.आर. (नियमावली क्रं.3) के अनुरूप हैं।**

समाज के सहृदय सेवियों के सहयोग से **'महेश्वरम'** पूर्णाकार लेने के लिए अग्रसर हो रहा है।

## इन्दौर में चिकित्सा सुविधाएँ और महेश्वरम की प्रासंगिकताः

इन्दौर भौगोलिक रूप से राजस्थान, गुजरात, विदर्भ और महाराष्ट्र से निकटता से जुड़ा हुआ है। लगभग 200 से 250 किलोमीटर रेडियस में कारोबार, सामाजिक कार्यक्रमों, शिक्षा और चिकित्सा क्षेत्र में इन्दौर की ख्याति पूरे देश में जानी जाती है।



इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए 'महेश्वरम' की आवश्यकता को महसूस किया गया। प्रतिदिन 500 से 1000 मरीज़ और उनके परिजन चिकित्सकीय ज़रूरतों के लिए इन्दौर आते हैं। बॉम्बे हॉस्पिटल, मेदांता, अपोलो, कोकिलाबेन हॉस्पिटल (रिलायंस समूह) एवं चैन्नई के शंकरा आई सेंटर अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के साथ सफलतापूर्वक सेवारत हैं। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर सीएचएल केयर, डी.एन.एस, मेडीकेयर, सुयश, वी.वन, ग्रेटर कैलाश जैसे चिकित्सा केन्द्र भी सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं।

# महेश्वरमः महत्वपूर्ण बिंदु



- ‘**महेश्वरम**’ इन्दौर में आने वाले **रोगियों एवं उनके परिजनों को अत्यंत रियायती दर पर उत्कृष्ट सेवा** देने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। जो परिवार शुल्क का भार उठाने में असमर्थ होंगे उन्हें ट्रस्ट द्वारा मान्य नियमों के मुताबिक ‘**महेश्वरम**’ निःशुल्क भी उपलब्ध करवाया जाएगा।
- ‘**महेश्वरम**’ चिकित्सा के लिए इन्दौर आने पर **अस्पताल में भर्ती होने के पूर्व एवं पश्चात्** उपलब्ध रहेगा। यह सुविधा मरीज़ों के परिजनों के लिए भी उपलब्ध रहेगी।
- ‘**महेश्वरम**’ में सुयोग्य चिकित्सक परामर्श के लिए उपलब्ध रहेगा एवं उनके द्वारा **डे–केयर** मरीज़ को ठहराने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।
- यदि रोगी स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती है तो उनके परिजनों के लिए ‘**महेश्वरम**’ उपलब्ध रहेगा।
- रोगियों एवं परिजनों के लिए नाममात्र के शुल्क पर **भोजन प्रबंध** किया जाएगा।
- ज़रूरतमंदों के लिए **निःशुल्क या रियायती दर पर दवाई** तथा स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी।
- **फ़िज़ियोथैरेपी** सुविधा नाममात्र शुल्क पर उपलब्ध रहेगी।
- नारी स्वावलंबन की दिशा में भी ‘**महेश्वरम**’ विभिन्न गतिविधियों का संचालन करेगा। समय–समय पर **युवतियों/महिलाओं** के सर्वांगीण विकास हेतु रोज़गारोन्मुख **कार्यशालाओं/सेमिनारों/व्याख्यानों** तथा प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा।
- **निर्धन एवं असहाय वृद्धजनों** को सामाजिक सरोकार का लाभ दिलवाया जाएगा जिससे वे सम्मानपूर्वक अपना शेष जीवन यापन कर सकें।

‘**महेश्वरम**’ *शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सालयों से 1–1.5 किलोमीटर की सीमा में निर्माणाधीन है। बीआरटीएस एवं यातायात के साधन चहलक़दमी की सीमा में हमेशा उपलब्ध रहते हैं। इस भवन के निर्माण की परिकल्पना एवं प्रेरणा मुंबई के माहेश्वरी प्रगति मंडल के चीरा बाज़ार स्थित भवन एवं दम्मानी ग्रुप द्वारा निर्मित गोपाल मेंशन से मिली है। उद्देश्य स्पष्ट है कि समाज को चिकित्सा हेतु आने वाले रोगियों एवं उनके परिजनों को नाममात्र शुल्क पर श्रेष्ठतम आवासीय सुविधा एवं भोजन प्राप्त हो सके।*

*आम आदमी की चिकित्सा, वृद्धजनों को सहयोग एवं सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ते हुए महेश जनसेवा ट्रस्ट इस नये प्रकल्प को लेकर आपसे रूबरू हो रहा है।* ***हमें पूर्ण विश्वास है कि आप भी ‘महेश्वरम’ की पूर्णाहुति में अवश्य सहभागी बनेंगे।***

MJT
महेश जनसेवा ट्रस्ट
इन्दौर का सेवा प्रकल्प

**थामिए मानवीयता की मशाल**
**महेश्वरम बनेगा नई मिसाल**

महेश्वरम

# किसके लिए उपयोगी होगा महेश्वरम ?



इन्दौर शहर में बाहर से आकर इलाज कराने वाले परिवार/व्यक्ति

शहर में अध्ययनरत विद्यार्थियों से समय-समय पर मिलने आने वाले अभिभावक





मांगलिक प्रसंगों पर आने वाले माहेश्वरी परिवारों के अतिथि

व्यवसायिक/सामाजिक सम्मेलनों के लिए अल्प-प्रवास पर आने वाले प्रतिनिधि




# महेश्वरम

*__30,000 वर्ग फ़ीट__ में निर्मित होने वाले __'महेश्वरम'__ को अत्यंत __रियायती शुल्क__ पर उपलब्ध करवाया जाएगा। __प्रोफ़ेशनल मैनेजमेंट__ के दौर में सभी व्यवस्थाएँ चाक–चौबंद की जाएंगी। __भोजन__ अत्यंत सात्विक एवं शुद्ध वातावरण में निर्मित किया जाएगा। पूरे भवन की __साफ़–सफ़ाई__ एवं देखरेख किसी भी __सितारा होटल__ के समकक्ष मेनटेन की जाएगी। __सुरक्षा__ एवं अनुशासन के लिए सुनिश्चित नियमों का पालन किया जाएगा। सभी सुविधाओं के कार्यान्वयन हेतु प्रोफ़ेशनल एजेन्सियों के साथ समन्वय किया जाएगा।*

● **32 वातानुकूलित कक्ष** (अत्याधुनिक वॉशरूम सहित) ● **2 डॉर्मेट्रीज़**
● **1 वी.आई.पी. स्यूट** ● **1 मिनी हॉल** (800 वर्गफ़ीट)
● **सुसज्जित 1 हॉल** (3500 वर्गफ़ीट) ● **कॉन्फ्रेन्स हॉल** (40 सीट)
● **किचन–डायनिंग हॉल** ● **स्टोर** ● **2 लिफ़्ट** ● **मंदिर** ● **रूफ टॉप पर डायनिंग**

## उल्लेखनीय सुविधाएँ:

- संपूर्ण भवन वातानुकूलित
- नक़द एवं बहुमूल्य सामग्री हेतु लॉकर
- आर.ओ. सिस्टम से जल वितरण
- संपूर्ण परिसर सीसीटीवी से सुरक्षित
- इंटरनेट
- प्रोफ़ेशनल मैनेजमेंट
- सभी कमरों में टीवी
- वॉटर रिचार्जिंग सिस्टम
- जनरेटर
- टेलिफ़ोन– इंटरकॉम
- हेल्थ–सेंटर
- फ़िज़ियोथेरेपी सेन्टर




Location

महेश्वरम

## पदाधिकारी

| | | |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | ओमप्रकाश पसारी | 98932-42580 |
| उपाध्यक्ष | उमाशंकर बिहानी | 98270-56328 |
| मंत्री | गौरीशंकर लखोटिया | 93292-65432 |
| संयुक्त मंत्री | संजय मानधन्या | 75664-44777 |
| सहमंत्री | रामकिशोर राठी | 93021-07307 |
| कोषाध्यक्ष | राजेश भट्टड़ | 98260-26028 |

## निर्माण कार्य संयोजक:

किशन मूंदडा, सुरेश नुहाल

## कार्यसमिति:

निर्मल बागड़ी, सत्यनारायण माहेश्वरी (नागोरी), बी.के. झंवर, राजीव मुछाल
प्रेमप्रकाश जाजू, राजेश होलानी, प्रदीप करनानी, श्यामसुंदर बिहानी, विमल करवा
राधेश्याम सोमानी, राजेन्द्र भैया, मुकेश कचोलिया, गोपाल कासट

# महेश जनसेवा ट्रस्ट

'तिरुपति' 23/3 यशवंत निवास रोड, इन्दौर-452 003
ईमेल : mjtindore@gmail.com

## Bank Account Details

| | | |
|---|---|---|
| Account Name | : | **Mahesh Janseva Trust, Indore** |
| Bank | : | **ICICI Bank** |
| Branch | : | Dewas Naka, A.B. Road, Indore |
| A/c No. | : | **384801000390** |
| RTGS/IFSC Code | : | ICIC0003848 |

## Income Tax Exemption

महेश जनसेवा ट्रस्ट के निर्माण हेतु दिए गए दान को आयकर आयुक्त, इन्दौर के पत्र दिनांक 14 अक्टूबर 2014- क्रमांक CIT-I/Ind/Tech/80G/17/2014-15 के अनुसार आयकर अधिनियम की धारा 80-जी के अंतर्गत छूट प्राप्त है

## Legal Formalities & Permissions

इन्दौर नगर पालिका निगम से निर्माण की अनुमति 10 मई 2019 को प्राप्त की गई
(अनुमति क्रमांक 2437/IMC/Z07/W31/2019)

---

नगर तथा ग्राम निवेश ज़िला इन्दौर मध्यप्रदेश से
2 मार्च 2017 को टी एण्ड सी प्राप्त की गई
(क्रमांक 1728/INDLP 2070/16/डीएमएस/नग्रानि/2017)

---

नजूल एनओसी : 68/B-121/14-15/
9 सितंबर 2015 आई.डी.ए. एनओसी : 7597-20 - नवंबर 2015

आकल्पन : एडराग: 97525-26881